Sub. Code: 302

Roll No. __________

Please Check that this question paper contains 14 questions and 13 printed pages

# DAV INSTITUTIONS, CHHATTISGARH

## SAMPLE QUESTION PAPER – 3 : 2023-24

**Class: XII**

**Time Allowed : 3 hrs.** **Subject – Hindi (Core)** **Max. Marks: 80**

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न पत्र मे दो खंड है - खंड 'अ' और 'ब'। कुल प्रश्न 14 हैं।
- खंड 'अ' में उप - प्रश्नों सहित 40 वस्तूपरक प्रश्न पूछे गए हैं, सभी 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
- खंड 'ब' में 08 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**खण्ड- 'अ'**

**(वस्तुपरक)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए- (1×10=10)**

मनुष्य के जीवन में लक्ष्य का होना बहुत आवश्यक है। लक्ष्य के बिना जीवन दिशाहीन तथा व्यर्थ ही है। एक बार एक दिशाहीन युवा आगे बढ़े जा रहा था, राह में महात्मा जी की कुटिया देख रूककर महात्मा जी से पूछने लगा कि यह रास्ता कहाँ जाता है? महात्मा जी ने पूछा "तुम कहाँ जाना चाहते हो "? युवक ने कहा "मैं नहीं जानता मुझे कहाँ जाना है "। महात्मा जी ने कहा "जब तुम्हें पता ही नहीं है कि तुम्हें कहाँ जाना है, तो यह रास्ता कहीं भी जाए, इससे तुम्हें क्या फर्क पड़ेगा "? कहने का मतलब है कि बिना लक्ष्य के जीवन में इधर-उधर भटकते रहिए कुछ भी प्राप्त नहीं कर पाएँगे। यदि कुछ करना चाहते तो पहले अपना एक लक्ष्य बनाओ और उस पर कार्य करो। अपनी राह स्वयं बनाओ। वास्तव में जीवन उसी का सार्थक है जिसमें परिस्थितियों को बदलने का साहस है।

गांधीजी कहते थे कुछ न करने से अच्छा है, कुछ करना। जो कुछ करता है वही सफल-असफल होता है। हमारा लक्ष्य कुछ भी हो सकता है, क्योंकि हर इंसान की अपनी-अपनी क्षमता होती है और उसी के अनुसार वह लक्ष्य निर्धारित करता है। जैसे विद्यार्थी का लक्ष्य है सर्वाधिक अंक प्राप्त करना तो नौकरी करने वालों का लक्ष्य होगा पदोन्नति प्राप्त करना। इसी तरह किसी महिला का

लक्ष्य आत्मनिर्भर होना हो सकता है। ऐसा मानना है कि हर मनुष्य को बड़ा लक्ष्य बनाना चाहिए किन्तु बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य बनाने चाहिए। जब हम छोटे लक्ष्य प्राप्त कर लेते हैं तो बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने का हममें आत्मविश्वास आ जाता है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि जीवन में एक ही लक्ष्य बनाओ और दिन-रात उसी के बारे में सोचो। स्वप्न में भी तुम्हें वही लक्ष्य दिखाई देना चाहिए, उसे पूरा करने की एक धुन सवार हो जानी चाहिए। बस सफलता आपको मिली ही समझो। सच तो यह है कि जब आप कोई काम करते हैं तो यह जरुरी नहीं कि सफलता मिले ही लेकिन असफलता से भी घबराना नहीं चाहिए। इस बारे में स्वामी विवेकानंद जी कहते हैं कि हजार बार प्रयास करने के बाद भी यदि आप हार कर गिर पड़ें तो एक बार पुनः उठें और प्रयास करें। हमें लक्ष्य प्राप्ति तक स्वयं पर विश्वास रखना चाहिए।

i. युवक कहाँ जा रहा था?
    i. दिशाहीन मंज़िल की ओर
    ii. दिशाहीन लक्ष्य की ओर
    iii. लक्ष्य की ओर
    iv. मंजिल की ओर
ii. किसी विद्यार्थी का लक्ष्य क्या होना चाहिए?
    i. आत्मनिर्भर होना
    ii. सर्वाधिक अंक प्राप्त करना
    iii. परीक्षा में उत्तीर्ण होना
    iv. सफल बनना
iii. किसी महिला का लक्ष्य क्या होना चाहिए?
    i. आत्मनिर्भर बनना
    ii. परावलम्बी बनना
    iii. खुश होना
    iv. गृहस्थ बनना
iv. व्यक्ति अपना लक्ष्य कैसे निर्धारित करता है?
    i. अपनी क्षमता के अनुसार
    ii. अपने सुख के अनुसार
    iii. अपने दुःख के अनुसार
    iv. अपने कार्य के अनुसार
v. छोटे लक्ष्य प्राप्त करने पर क्या होता है?
    i. मनुष्य का लक्ष्य पूरा हो जाता है।

ii. मनुष्य में आत्मविश्वास आ जाता है।
iii. मनुष्य सुखी हो जाता है।
iv. मनुष्य दुखी हो जाता है।

vi. किसका जीवन सार्थक है?
i. जो परिस्थितियों को बदलने का साहस रखता है।
ii. जो परिस्थितियों को बदलने का साहस नहीं रखता है।
iii. जो इधर-उधर भटकता रहता है।
iv. जो लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर पाता।

vii. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

I. जीवन में लक्ष्य की कोई आवश्यकता नहीं होती है।
II. विद्यार्थी का लक्ष्य नौकरी पाना ही होता है।
III. कुछ करने वाला ही असफल होता है।

उपरोक्त लिखित कथनों में से कौन सही है/हैं?

i. केवल I
ii. केवल II
iii. केवल III
iv. इनमें से कोई नहीं

viii. हमें कब तक स्वयं पर विश्वास रखना चाहिए?
i. लक्ष्य प्राप्ति तक छोटे लक्ष्य बनाने चाहिए।
ii. लक्ष्य प्राप्त न होने पर
iii. असफलता मिलने पर
iv. प्रयास न करने पर

ix. **असफल** शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-
i. अ
ii. अस
iii. सफल
iv. ल

x. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन (A):** हर इंसान का लक्ष्य उसकी क्षमता के अनुसार ही होता है।

**कारण (R):** लक्ष्य प्राप्ति तक मनुष्य को स्वयं पर विश्वास रखना चाहिए।

i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

ii. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

iii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**प्रश्न 2. दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए। 1x5 =5**

हम जब होंगे बड़े, देखना
ऐसा नहीं रहेगा देश।
अब भी कुछ लोगों के दिल में
नफरत अधिक प्यार है कम,
हम जब होंगे बड़े, घृणा का
नाम मिटा कर लेंगे दम।
हिंसा के विषमय प्रवाह में
कब तक और बहेगा देश?
भ्रष्टाचार, जमाखोरी की
आदत बड़ी पुरानी है,
ये कुरीतियाँ मिटा हमें तो
नई चेतना लानी है।
एक घरौंदे जैसा आखिर
कितना और ढहेगा देश?
इस की बागडोर हाथों में
जरा हमारे आने दो,
पाँव हमारे थोड़े-से बस,
जीवन में टिक जाने दो।
हम खाते है शपथ, दुर्दशा
कोई नहीं सहेगा देश।
हम भारत का झंडा हिमगिरि

से ऊँचा फहरा देंगे,
रेगिस्तान बंजरों तक में
हरियाली लहरा देंगे।
घोर अभावों की ज्वाला में
बिल्कुल नहीं दहेगा देश।

i. कवि क्या बनना चाहता है?
 क) अधिनायक
 ख) प्रधानमंत्री
 ग) लोकनेता
 घ) राष्ट्रपति

ii. कवि के मन में नई चेतना तब आएगी जब-
 क) भ्रष्टाचार, जमाखोरी आदि कुप्रथाएँ समाप्त हो जाएँगी
 ख) पुरानी प्रथाएँ समाप्त हो जाएंगी
 ग) सब प्रगति करेंगे
 घ) कवि के हाथ में बागडोर आएगी

iii. काव्यांश का मूल स्वर क्या है?
 क) प्रश्न का
 ख) चुनौती का
 ग) चिंता का
 घ) संकल्प का

iv. काव्यांश में बच्चे क्या आश्वासन दे रहे हैं?
निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
**कथन (I):** भारत का झंडा हिमालय से भी ऊँचा फहराएँगे
**कथन (II):** वे बड़े होने का इंतज़ार कर रहे हैं
**कथन (III):** वे रेगिस्तान तक हरियाली लेकर आएँगे
**कथन (IV):** वे देश चलाना चाहते हैं
निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चुनाव कीजिए।
 क) केवल कथन (II) और (IV) सही हैं।
 ख) केवल कथन (I) और (III) सही हैं।

ग) केवल कथन (III) सही है।

घ) केवल कथन (I) सही है।

v. कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चुनाव कीजिए |

| **कॉलम 1** | **कॉलम 2** |
|---|---|
| **1. दुर्दशा** | **(i) आग** |
| **2. ज्वाला** | **(ii) लगाम** |
| **3. बागडोर** | **(iii) अधोगति** |

I क) 1-(iii), 2-(ii), 3-(i)

ii ख) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii)

iii ग) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii)

iv घ) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii)

प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों में से निर्देशानुसार उचित विकल्पों का चयन कीजिए। 1x5 = 5

i) जो पत्रकार किसी संस्था से जुड़े नहीं होते, वे कौन से पत्रकार कहलाते है ?

क) पूर्णकालिक

ख) अंशकालिक

ग) फ्रीलांसर

घ) उपरोक्त सभी

ii) समाचार पत्र की अपनी आवाज किसे माना जाता है?

क) संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित होने वाले संपादकीय को।

ख) साक्षात्कार को।

ग) टिप्पणियों को।

घ) संवाददाता को।

iii) इनमें से कौन सा जनसंचार माध्यम अनपढ़ व्यक्ति के लिए उपयोगी नही है?

क) इंटरनेट

ख) समाचार पत्र

ग) पत्रिका

घ) क, ख, ग, सभी

iv) किसी समाचार को लिखते हुए मुख्यत: जिन छ: सवालों के जवाब देने की कोशिश की जाती है उन्हे किस रूप में जाना जाता है ?

क) आकार

ख) ककार

ग) मुखड़ा

घ) बॉडी

v) कॉलम 'क 'का कॉलम 'ख' से उचित मिलान करते हुए सही विकल्प का चुनाव कीजिए :-

| कॉलम ' क ' | कॉलम'ख' |
|---|---|
| i) डेडलाइन | a) खबर का घटनास्थल से सीधा प्रसारण। |
| ii) फ्लैश/ ब्रेकिंग न्यूज़ | b) समाचार के लिए निर्धारित समय सीमा। |
| iii) बीट | c) बड़ी खबर को कम शब्दों में प्रसारित करना। |
| iv) लाइव | d) संवाददाता के कार्य का विभाजन |

कूट :

क) i) - b , ii) -c , iii) - a , iv) - d

ख) i) - a , ii) - d, iii) - c , iv) - b

ग) i) - b , ii) - c , iii) - d , iv) - a

घ) i) - d , ii) - a , iii) - b , iv– c

प्रश्न 4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प वाले उत्तर को चुनिए। 1x5 = 5

सोचिए

बताइए

आपको अपाहिज होकर कैसा लगता है कैसा

यानी कैसा लगता है

(हम खुद इशारे से बताएँगे कि क्या ऐसा?)

सोचिए

बताइए

थोड़ी कोशिश करिए

(यह अवसर खो देंगे?)

आप जानते हैं कि कार्यक्रम रोचक बनाने के वास्ते

हम पूछ-पूछकर उसको रुला देंगे

इंतजार करते हैं आप भी उसके रो पड़ने का करते हैं?

i. अपाहिज व्यक्ति को बार-बार अपना दुःख बताने के लिए मजबूर करने के पीछे दूरदर्शन वालों का क्या उद्देश्य हो सकता है?
   क) अपाहिज की स्थिति में सुधार हेतु प्रयास करना
   ख) अपाहिज के प्रति संवेदनशीलता होना
   ग) अपने कार्यक्रम को व्यावसायिक रूप से सफल बनाना
   घ) सभी विकल्प सही हैं

ii. किसी के दुःख का प्रदर्शन करके कार्यक्रम को रोचक बनाना क्या है?
   क) समय की माँग
   ख) दुःख की अभिव्यक्ति
   ग) मानवता के विरुद्ध
   घ) अनिंदनीय कार्य

iii. **हम पूछ-पूछकर रुला देंगे** पंक्ति में कौन-सा भाव निहित है?
   क) क्रूरता का
   ख) सामाजिक न्याय का
   ग) दुःख एवं संवेदनशीलता का
   घ) मानवीय करुणा का

iv. अपाहिज व्यक्ति से पूछे गए प्रश्नों का क्या प्रभाव पड़ता है?
   क) उसके प्रति सहानुभूति प्रकट करते हैं
   ख) उसे चुप करा देते हैं
   ग) उसकी पीड़ा को और अधिक बढ़ा देते हैं
   घ) उसकी पीड़ा को कम कर देते हैं

v. **यह अवसर खो देंगे** पंक्ति में किस अवसर के खोने की बात की जा रही है?
   i. अपंगता को दर्शाने और बताने का अवसर
   ii. बात को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर
   iii. कैमरे के सामने आने का अवसर
   iv. धन कमाने का अवसर

क) विकल्प (i)

ख) विकल्प (iv)

ग) विकल्प (ii)

घ) विकल्प (iii)

प्रश्न 5 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को चुन कर लिखिए:- 1x5 =5

जाति-प्रथा पेशे का दोषपूर्ण पूर्व निर्धारण ही नहीं करती, बल्कि मनुष्य को जीवनभर के लिए एक पेशे से बाँध भी देती है। भले ही पेशा अनुपयुक्त या अपर्याप्त होने के कारण वह भूखा मर जाए। आधुनिक युग में यह स्थिति प्रायः आती है, क्योंकि उद्योग-धंधों की प्रक्रिया व तकनीक में निरंतर विकास और कभी-कभी अकस्मात् परिवर्तन हो जाता है, जिसके कारण मनुष्य को अपना पेशा बदलने की आवश्यकता पड़ सकती है और यदि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मनुष्य को अपना पेशा बदलने की स्वतंत्रता न हो, तो इसके लिए भूखा मरने के अतिरिक्त क्या चारा रह जाता है? हिंदू धर्म की जाति-प्रथा किसी भी व्यक्ति को ऐसा पेशा चुनने की अनुमति नहीं देती है, जो उसका पैतृक पेशा न हो, भले ही वह उसमें पारंगत हो। इस प्रकार पेशा परिवर्तन की अनुमति न देकर जाति-प्रथा भारत में बेरोज़गारी का एक प्रमुख व प्रत्यक्ष कारण बनी हुई है।

i. गद्यांश के अनुसार जाति-प्रथा में लेखक ने क्या दोष देखा है?

क) जीवनभर मनुष्य को एक पेशे में बाँध देती है

ख) जाति-प्रथा जन्म से ही पेशा तय कर देती है

ग) पेशा अनुपयुक्त या अपर्याप्त होने पर मनुष्य को भूखा मरना पड़ता है

घ) सभी विकल्प सही हैं

ii. मनुष्य को अपना पेशा बदलने की आवश्यकता किस कारण पड़ती है?

क) निम्न वर्ग को घृणा की दृष्टि से देखे जाने के कारण

ख). प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण

ग). स्वयं को उच्च वर्ग में सम्मिलित करने के कारण

घ). उद्योग-धंधों की प्रक्रिया व तकनीक में निरंतर विकास के कारण

iii. पेशा बदलने की स्वतंत्रता के अभाव का क्या परिणाम होता है?

क). मनुष्य की निरंतर प्रगति होती है

ख. मनुष्य को भूखा मरना पड़ता है

ग. मनुष्य सदैव निम्न ही रहता है

घ. मनुष्य सदैव दूसरों को कोसता रहता है

iv. जाति-प्रथा बेरोज़गारी का एक प्रमुख और प्रत्यक्ष कारण कैसे है?

क. विषम परिस्थितियों को महत्त्व देने के कारण

ख. हिंदू धर्म के कारण

ग. पैतृक व्यवसाय में पारंगत होने के कारण

घ. पेशा परिवर्तन की अनुमति न देने के कारण

v. अनेक लोगों को अपनी इच्छा अनुसार पेशा चुनने की स्वतंत्रता किस कारण नहीं मिल पाती है?

क) तकनीकी

ख)निरक्षरता

ग)जाति-प्रथा

घ)बेरोजगारी

प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिये। 1x10 =10

i) लेखक ने यशोधर बाबू को किशन दा का कौन सा पुत्र कहा है ?

क) मानस पुत्र , ख) दत्तक पुत्र, ग) नाजायज पुत्र, घ) धर्म पुत्र।

ii) सिल्वर वैडिंग में गाउन पहनते समय यशोधर बाबू को कौन सी बात चुभी ?

क) पत्नी द्वारा उपेक्षा,

ख) भूषण के व्यंग्य वचन,

ग) केक काटना,

घ) दूध लाने की बात ।

iii) सिल्वर वैडिंग कहानी के अनुसार नई पीढ़ी किसे अधिक महत्व देती है ?

क) समाज को,

ख) भौतिकता को,

ग) नैतिकता को,

घ) जिम्मेदारी को ।

iv) जूझ कहानी से लेखक की किस प्रवृत्ति का उद्घाटन हुआ है ?

क) संघर्षमयी प्रवृत्ति,

ख) पढ़ने की प्रवृत्ति,

ग) कविता करने की प्रवृत्ति,

घ) लेखन की प्रवृत्ति ।

v) लेखक की माँ के अनुसार उसके पति ने लेखक को पाठशाला जाने से क्यो रोक दिया ?

क) खर्च से बचने के लिए

. ख) बीमारी से बचने के लिए

ग) अशिक्षा से बचने के लिए

घ) खुद काम से बचने के लिए

vi) मुअनजोदड़ो की खुदाई से निकली पंजीकृत चीजों की संख्या कितनी थी?

क) 50 हजार से ज्यादा

ख) 20 हजार से ज्यादा

ग) 10 हजार से ज्यादा

घ) 30 हजार से ज्यादा

vii) जिस शरारती लड़के ने लेखक के सिर से गमछा छीना उसका क्या नाम था ?

क) बसंत

. ख) हेमंत

ग) मनोहर

घ) चह्वाण

viii) सिंधु सभ्यता के सौन्दर्य बोध को क्या नाम दिया है ?

क) राजपोषित,

. ख) समाजपोषित,

ग) धर्मपोषित,

घ) व्यपारपोषित।

ix) अतीत में दबे पाँव पाठ के आधार पर मुअनजो-दड़ो के घरों में टहलते हुए लेखक को किस गांव की याद आयी-

क) कुलघड़ा

. ख) शुभधरा

ग) कुलधरा

घ) वसुन्धरा

x) अतीत में दबे पाँव पाठ के आधार पर मुअनजो-दड़ो शहर में ईटों से धरती की सतह को ऊँचा उठाया गया था क्योंकि-

क) सिंधु के जल से बचने के लिए

ख) भूकंप से बचने के लिए

ग) तूफान से बचने के लिए

घ) महामारी से बचने के लिए

## खंड 'ब' (वर्णात्मक प्रश्न )

प्रश्न 7 दिए गए अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दो में रचनात्मक लेख लिखिए :- 6x1= 6

क) काल करें सो आज कर

ख) तनाव -आधुनिक जीवन शैली की देन

ग) कामकाजी महिलाओं की समस्याएँ

प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़कर लगभग 40 शब्दों में निर्देशानुसार उत्तर दीजिये:- 2x2=4

i. कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय किन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना चाहिए।

अथवा

नए एवं अप्रत्याशित विषयों पर लेखन एक चुनौतीपूर्ण कार्य कैसे है ?

ii. रेडियो और टेलीविजन समाचारों की भाषा शैली कैसी होनी चाहिए ?

अथवा

कहानी में क्लाइमेक्स का क्या महत्व है ?

प्रश्न 9 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर 60 शब्दो में दीजिये: 3x2=6

i. समाचार लेखन की विलोमस्तूपी पद्धति क्या है?

ii. विशेष लेखन किसे कहते है ? आज इस लेखन के कौन- कौन से क्षेत्र महत्वपूर्ण हैं ?

iii. समाचार लेखन हेतु आवश्यक तत्वों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर 60 शब्दो में दीजिये: 3x2=6

I. कविता और बच्चे को समानांतर रखने के क्या कारण हो सकते हैं? कविता के बहाने पाठ के आधार पर लिखिए।

ii. उषा कविता गाँव की सुबह का गतिशील शब्द चित्र है कैसे ? उपमानों के आधार पर समझाइये ।

iii. शोकग्रस्त माहौल में हनुमान के अवतरण को करूण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यो कहा गया है ?

प्रश्न 11 काव्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर 40 शब्दों

में दीजिए 2x 2 = 4

i) रुबाइयाँ के आधार पर बच्चे के प्रति माँ के वात्सल्य का वर्णन कीजिए।

ii) छोटा मेरा खेत कविता में कागज़ के पन्ने को खेत कहने में क्या अर्थ निहित है ?

iii) आत्म परिचय कविता में कवि ने जो विरोधाभास प्रकट किया है उसे स्पष्ट कीजिए ?

प्रश्न 12 गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर 60 शब्दों में दीजिये: 3 x 2 = 6

i) लेखक शिरीष के फूल और फल के माध्यम से समाज के लोगों को क्या संदेश देना चाहते हैं?

ii) "गगरी फूटी बैल पियासे" के माध्यम से लेखक वर्तमान में विकास की किस सच्चाई को उजागर करना चाहते हैं? पाठ के आधार पर विचार लिखिए।

iii) बाबा आंबेडकर ने अपने आदर्श समाज की कल्पना में किन तत्वों पर प्रकाश डाला है? लिखिए।

प्रश्न 13 गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर 40 शब्दों में दीजिए 2 x 2 = 4

i) आधुनिक युग में भी बेटी पैदा करने पर स्त्री को उपेक्षा ही सहनी पड़ती है, भक्तिन पाठ के आधार पर बताइए।

ii) बाजारूपन से क्या तात्पर्य है? किस प्रकार के व्यक्ति बाजार को सार्थकता प्रदान करते हैं?

iii) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने शिरीष के सन्दर्भ में महात्मा गाँधी का स्मरण क्यों किया है? साम्य निरूपित कीजिए।

प्रश्न 14 वितान पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :- 2 x 2 =4

क) अपने घर में अपनी सिल्वर वैडिंग के आयोजन में भी यशोधर बाबू को अनेक बातें 'समहाउ इंप्रापर' लग रही थीं। ऐसा क्यों?

ख) जूझ पाठ के कथानायक का मन पाठशाला जाने के लिए क्यों तड़पता था? उसे खेती के काम में रुचि क्यों नहीं थी?

ग) सिंधु सभ्यता में मुआनजो-दड़ो के अनूठे नगर-नियोजन की विशेषताएँ उदाहरणों के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

---------------------------- //// --------------------------